CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 71 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 28 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# राजस्थान में फर्जी प्रमाण पत्रों से नौकरी पाने वाले 4 शिक्षक बर्खास्त

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर

डॉ. चेतन ठठेरा




राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग ने फर्जी तरीके से नौकरी हासिल करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए चार शिक्षकों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। संस्कृत शिक्षा विभाग में कार्यरत इन शिक्षकों की नियुक्ति दिव्यांग प्रमाण पत्रों के आधार पर की गई थी, लेकिन एसएमएस चिकित्सालय जयपुर के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा कराए गए सत्यापन में ये प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए।

निदेशालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार वरिष्ठ शिक्षक (संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2022 में निशक्तजन श्रेणी में चयनित इन अभ्यर्थियों को 9 और 18 दिसंबर 2024 को नियुक्तियां दी गई थीं। बाद में किए गए सत्यापन में चारों को अपात्र मानते हुए राज्य सेवा से मुक्त कर दिया गया। बर्खास्त किए गए शिक्षकों में विष्णु कुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह पुत्र सत्यवीर सिंह, लोकेश राठौड़ पुत्र चतुर्भुज राठौड़ और संजीव कुमार पुत्र रूप सिंह शामिल हैं।

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने इस कार्रवाई को लेकर स्पष्ट कहा कि चयन प्रक्रिया में गलत तरीके अपनाकर सरकारी सेवा में प्रवेश पाने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। भर्ती प्रक्रिया में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सत्यापन के बाद फर्जी पाए जाने वाले सभी अभ्यर्थियों को सेवा से बाहर किया जाएगा।

# गाय को बचाने के प्रयास में ट्रक पलटा, ड्राइवर-खलासी घायल



भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा

तस्वारिया खुर्द गांव के पास जयपुर-कांकरोली स्टेट हाईवे पर बुधवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। सड़क पर अचानक गाय आ जाने से ट्रक चालक ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वाहन असंतुलित होकर पलट गया।

हादसे में ट्रक चालक भजनलाल (23) और खलासी अनिल कुमार (25) घायल हो गए। दोनों को टोल प्लाजा एम्बुलेंस की मदद से प्राथमिक उपचार दिया गया।

ग्रामीणों की सूचना पर ढीकोला चौकी प्रभारी पिताम्बर वैष्णव मय पुलिस दल मौके पर पहुंचे और क्रेन की मदद से ट्रक को हटवाकर यातायात सुचारू कराया। हादसे के कारण हाईवे पर करीब तीन घंटे तक यातायात प्रभावित रहा और दोनों ओर तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सुबह 9 बजे जाम खुलने के बाद वाहनों की आवाजाही सामान्य हो सकी।

# मुख्यमंत्री 29 अगस्त को मालासेरी डूंगरी करेंगे दर्शन

## गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने तैयारियों का लिया जायजा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



**मूलचन्द पेसवानी।** जिले की आसींद तहसील स्थित अंतर्राष्ट्रीय तीर्थ स्थल भगवान श्रीदेवनारायण जन्मस्थली मालासेरी डूंगरी और श्री सवाई भोज मंदिर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का 29 अगस्त को प्रस्तावित दौरा है। मुख्यमंत्री के इस दौरे की तैयारियों का जायजा लेने बुधवार को गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम मालासेरी पहुंचे।

बेढम ने भगवान श्रीदेवनारायण के दर्शन किए और मंदिर की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह तीर्थस्थल गुर्जर समाज सहित पूरे प्रदेश के लिए आस्था का प्रतीक है और मुख्यमंत्री के आगमन पर सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ रूप से सुनिश्चित की जाएं। गृहराज्य मंत्री ने मालासेरी व सवाई भोज तीर्थ स्थल पर हेलीपैड, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है, ऐसे में यातायात व सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखा जाए। बेढम ने बताया कि मुख्यमंत्री 29 अगस्त, भादवी छठ के दिन मालासेरी डूंगरी व सवाई भोज मंदिर पहुंचकर दर्शन करेंगे और समाजजनों से संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि यह अवसर पूरे गुर्जर समाज और जिले के लिए गौरव का विषय है।

इस दौरान देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना, जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू, विधायक जब्बर सिंह सांखला, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**महंत सुरेशदास ने की अगवानी**

सवाई भोज मंदिर पहुंचने पर गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम और बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना का स्वागत मंदिर महंत सुरेशदास महाराज ने किया। यहां मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर एक घंटे तक चर्चा हुई। महंत ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन से इस तीर्थस्थल की महत्ता और भी बढ़ेगी।

# हत्या प्रकरण में वांछित तीन वारंटियों की गिरफ्तारी जिला स्पेशल टीम ने किया गिरफ्तार

## दो आरोपी जिले के कुख्यात हिस्ट्रीशीटर



भीलवाड़ा फोकस @ काछोला

जिला स्पेशल टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए काछोला थाना क्षेत्र के हत्या व आर्म्स एक्ट के प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे तीन स्थाई वारंटियों को दबोच लिया। तीनों आरोपियों पर पाँच-पाँच हजार रुपये का इनाम घोषित था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से दो भीलवाड़ा जिले के अलग-अलग थानों के हिस्ट्रीशीटर हैं, जिन पर पहले भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। ये आरोपी लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर थे और फरारी काट रहे थे।

गिरफ्तारी की इस कार्रवाई में जिला स्पेशल टीम के हेड कांस्टेबल प्रतापराम, सिपाही ऋषिकेश मीणा और अमृत सिंह की विशेष भूमिका रही , टीम ने दबिश देकर वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया है । कार्रवाई में हनुमान धाकड़ (23) पुत्र महावीर धाकड़, निवासी तिलक नगर हलेड मार्ग, भीलवाड़ा हिस्ट्रीशीटर थाना कोतवाली , समीर पठान (21) पुत्र सलीम पठान, निवासी जवाहर नगर, वार्ड संख्या 9, प्रतापनगर ,हिस्ट्रीशीटर थाना प्रतापनगर और सुरज उर्फ सुरेश सुवालका (21) पुत्र भंवरलाल सुवालका, निवासी जवाहर नगर, प्रतापनगर को गिरफ्तार किया है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# 13 लाख की लूट व महिला से छेड़छाड़ के मामले में फरार, 5-5 हजार के दो इनामी वारंटी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा





जिला पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 13 लाख रुपये की लूट और महिला छेड़छाड़ जैसे गंभीर मामलों में फरार चल रहे 5-5 हजार रुपये के दो इनामी वारंटियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई जहाजपुर थाना प्रभारी राजकुमार नायक के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई पुलिस ने थाना काछोला के एसीजेएम मांडलगढ़ न्यायालय में चल रहे 13 लाख रुपये की लूट के प्रकरण में वांछित वारंटी भीमराज उर्फ अंटिया (28) पुत्र कंवरीलाल मीणा निवासी धुंवाला, जहाजपुर को बघेरा अजमेर के गुणसागर माइंस क्षेत्र से मजदूरी करते समय गिरफ्तार किया गया। वहीं सुभाषनगर थाने के महिला छेड़छाड़ के मामला में वांछित वारंटी नरेन्द्र सेन (45) पुत्र सत्यनारायण सेन निवासी जहाजपुर को देवली जिला टोंक में बहन के घर दबिश देकर पकड़ा गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# कुएं से पानी निकालते समय हादसा - महिला की मौत

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला

थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जस्सू जी का खेड़ा के नाथ जी का खेड़ा गांव में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत पर बकरियां चराने गई उर्मिला पत्नी किशन गुर्जर कुएं से पानी निकालते समय अचानक पैर फिसलने से कुएं में गिर गई।

हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद महिला को कुएं से बाहर निकाला। गंभीर अवस्था में उसे काछोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित किया। घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मोर्चरी में रखवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया है । काछोला थाना प्रभारी श्रद्धा पचौरी ने बताया कि महिला की मौत कुँए से पानी निकालते समय पैर फिसलने से हुई है। पुलिस मामले की जाँच में जुटी है।



' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# छेड़खानी करते युवक की पिटाई, पुलिस को सौंपा



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

प्रतापनगर थाना क्षेत्र स्थित एसके प्लाजा के पास बुधवार को छेड़खानी की वारदात से माहौल गरमा गया। तीन युवकों द्वारा लड़कियों से छेड़खानी करने पर वहां मौजूद लोगों ने विरोध जताया। हंगामा बढ़ता देख दो आरोपी मौके से फरार हो गए, जबकि एक युवक भीड़ के हत्थे चढ़ गया।

गुस्साए राहगीरों और युवकों ने आरोपी की जमकर पिटाई कर दी और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार पकड़ा गया युवक पिछले कई दिनों से लड़कियों को परेशान कर रहा था। घटना से क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि फरार युवकों की तलाश जारी है।

# गूगल मैप के चक्कर में बड़ा हादसा : वैन बहाव में बही, 3 की मौत, एक बच्ची लापता





**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़**

कपासन उपखण्ड के राशमी थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। गूगल मैप के बताए रास्ते पर चलते हुए एक परिवार की वैन बनास नदी की टूटी पुलिया में बह गई। हादसे में दो महिलाओं और एक चार वर्षीय बच्ची की मौत हो गई, जबकि छह वर्षीय बच्ची अब भी लापता है। वैन में सवार परिवार के 5 लोगों ने किसी तरह छत पर चढ़कर अपनी जान बचाई।

घटना रात करीब एक बजे सोमी-उपरेड़ा पुलिया पर हुई। पुलिस के अनुसार भूपालसागर थाना क्षेत्र के कानाखेड़ा गांव का यह परिवार सवाई भोज मंदिर से दर्शन कर लौट रहा था। रास्ता भटकने के बाद वे सोमी गांव पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उन्हें पुलिया पार न करने की चेतावनी दी थी। मातृकुंडिया का गेट खुलने से नदी में तेज बहाव था, बावजूद इसके चालक ने ग्रामीणों की बात अनसुनी कर गूगल मैप के बताए रास्ते पर गाड़ी बढ़ा दी।

तेज बहाव में वैन करीब 300 मीटर तक बह गई। ड्राइवर मदनलाल ने शीशा तोड़कर छत पर चढ़ते हुए पांच लोगों को भी ऊपर खींच लिया। मगर इसी बीच वाहन नदी के गहरे हिस्से में पहुंच गया, जिसमें दो महिलाएं और दो बच्चियां फंसी रह गईं।

बुधवार सुबह रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ। एनडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीम ने 4 वर्षीय खुशी पुत्री मदन, चंदा (21) पत्नी हेमराज और ममता (25) पत्नी मदन के शव बरामद किए, जबकि 6 वर्षीय रूत्वी पुत्री हेमराज की तलाश जारी है।


हादसे के बाद छत पर फंसे लोगों को मछुआरों की नाव से अब्दुल जब्बार ने सुरक्षित बाहर निकाला। बचाए गए लोगों में मदनलाल (25), हितेश (16), लीला (18), काव्यांश (9 माह) और आयांश (9 माह) शामिल हैं।

# सावर पुलिस की बड़ी कार्रवाई : फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

पुलिस ने बुधवार को बड़ी सफलता हासिल करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दो माह से गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था।

थानाधिकारी बनवारीलाल के नेतृत्व में गठित टीम में स्थाई वारंटी रामपाल पुत्र मांगी नायक निवासी अखेगढ पोस्ट पाटन थाना आसींद , जिला भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है । आरोपी के विरुद्ध एनआई एक्ट में स्थाई वारंट जारी था।



# काछोला क्षेत्र में युवतियों को स्टाम्प पेपर पर सौदेबाज़ी कर जिस्मफरोशी में धकेलने का आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**

काछोला थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें दलालों पर आरोप है कि उन्होंने स्टाम्प पेपर पर सौदेबाज़ी कर भोली-भाली युवतियों को जिस्मफरोशी के धंधे में धकेल दिया। पीड़िताओं ने लंबे समय से थाने और पुलिस अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है, लेकिन अब तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। पीड़ित युवतियों ने बताया कि उन्हें बचपन में बेहतर जीवन का झांसा देकर दबाव व धमकियों के जरिए वेश्यावृत्ति में धकेला गया। इतना ही नहीं, सौदेबाज़ी स्टाम्प पेपर पर की गई, जो इस रैकेट की संगठित आपराधिक गतिविधियों को उजागर करता है।

इस मामले में सुई गांव के सोहनलाल, बाबूलाल, रामेश्वरलाल , मेरु (मालपुरा) के विनोद व सुशील कुमार, शारदा, सुनीता नट, सुरेश, रामकिशोर, मनोत्रा देवी और शबनम देवी के खिलाफ आरोप लगाए गए हैं।

पीड़िताओं का कहना है कि थाने में रिपोर्ट देने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा व मानवाधिकार आयोग जयपुर को भी शिकायत भेजी है। आरोप है कि शिकायत वापस लेने के लिए उन्हें धमकियां भी दी जा रही हैं।

स्थानीय लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं और मांग की है कि इस पूरे रैकेट की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सख्त सजा दी जाए।



# अवैध मादक पदार्थ सप्लायर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ मंगरोप**

पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए पिछले छह माह से फरार चल रहे वांछित आरोपी शांताराम गमेती को गिरफ्तार किया है। मंगरोप थाना प्रभारी विजय मीणा ने बताया कि बीती 31 मार्च को थाना पुर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल सहित आरोपी को पकड़ा था। जांच के दौरान आरोपी की पहचान शांताराम पुत्र चुनाराम गमेती (30) निवासी गुर्रा बोडली, थाना बेकरिया, जिला उदयपुर के रूप में हुई। आरोपी एनडीपीएस एक्ट में वांछित था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।



# कोटड़ी में बनेगा उपजिला चिकित्सालय, 43.38 करोड़ की स्वीकृति , सवाईपुर में भी बनेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए कोटड़ी में उपजिला चिकित्सालय का निर्माण होने जा रहा है। जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा की अनुशंसा पर सवाईपुर रोड स्थित प्रस्तावित उपजिला चिकित्सालय के लिए 43 करोड़ 38 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड (डीएमएफटी) से जारी की गई है।

विधायक गोपीचंद मीणा ने बताया कि कोटड़ी क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अस्पताल को उपजिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने की मांग की जा रही थी। स्वीकृति जारी होने से अब ग्रामीणों को प्राथमिक व आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं नजदीक ही उपलब्ध होंगी और गंभीर स्थिति में मरीजों को दूर नहीं जाना पड़ेगा।

इसी के साथ सवाईपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना के लिए भी 8 करोड़ 36 लाख रुपये की स्वीकृति जारी की गई है। इससे सवाईपुर में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को अपग्रेड कर आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

कोटड़ी व सवाईपुर दोनों अस्पतालों की क्रमोन्नति को लेकर क्षेत्रवासियों में हर्ष की लहर है। कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा, उप जिला प्रमुख शंकर गुर्जर, भाजपा जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, श्रीचारभुजा मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ेदिया सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने विधायक गोपीचंद मीणा का आभार व्यक्त किया।




# बढ़ती चोरी को लेकर ग्रामीणों ने बड़लियास थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव )**- बड़लियास थाना क्षेत्र में हो रही चोरियों को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर 7 दिनों में कठोर कार्रवाई करने की मांग की । बड़लियास व चांदगढ़ गांव के ग्रामीणों ने बढ़ती चोरी की घटनाओं पर रोष प्रकट करते हुए । देवनारायण बांडा बाग, सगस जी महाराज दौबडा,बाडी के देवनारायण, अधर शिला, रडी ऊपर सगसजी महाराज, चारण माता, घाटी का भैरुनाथ, चांदगढ़ में सगसजी महाराज, देवनारायण मंदिर पर दो बार दानपात्र तोड़ने , चारभुजानाथ मंदिर पर कलश चोरी के मामलों में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी जताई और सात दिन में कठोर कार्रवाई की मांग की । इस दौरान पंचायत समिति सदस्य दिलीप सिंह, मंगल सिंह, श्यामलाल, मुकेश, देवकिशन जाट, दलपत सिंह, देवकरण गाड़री, भैरु दरोगा, डालचंद रैगर, सुरेश कीर, मुकेश ओझा, प्रहलाद, कैलाश चंद्र, रतनलाल, शम्भू लाल, भीमराज चतुर्वेदी सहित कई लोग मौजूद रहे ।



## QUICK BITES

# शाहपुरा एडीएम के पद पर ओपी मीणा ने संभाला कार्यभार

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



**पेसवानी ।** शाहपुरा जिले के हटने के बाद प्रशासनिक पुनर्गठन की प्रक्रिया के तहत शाहपुरा में नए अतिरिक्त जिला कलेक्टर (एडीएम) के रूप में ओपी मीणा ने कार्यभार संभाल लिया है। बुधवार को एडीएम कार्यालय पहुंचकर उन्होंने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कार्यवाहक एडीएम राजकेश मीणा एवं प्रशासनिक अधिकारी धमेंद्र ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यभार संभालने के बाद एडीएम ओपी मीणा ने पत्रकारों से कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना और आमजन को उसका लाभ समय पर उपलब्ध कराना होगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि आम जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए नियमित रूप से जनसुनवाई आयोजित की जाएगी और शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाएगा। मीणा ने कहा कि शासन की मंशा है कि आम आदमी को राहत समय पर मिले, इसलिए हर स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम किया जाएगा।

एडीएम के पदभार ग्रहण करने से शाहपुरा क्षेत्र के लोगों में उम्मीद की नई किरण जगी है। स्थानीय लोगों का मानना है कि जिले के हटने के बाद प्रशासनिक तंत्र में आई कमी को दूर करने के लिए अब नए अधिकारी के रूप में ओपी मीणा की तैनाती से विकास कार्यों को गति मिलेगी और जनसमस्याओं का निस्तारण तेजी से हो सकेगा।

# गोमाता के प्रवेश से हुआ विशाल डोम का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**



**(राजेन्द्र बबलू पोखरना)।** मुख्यालय स्थित भगवान श्री चारभुजानाथ के दरबार में आयोजित विशाल जलझूलन महोत्सव के तहत मंदिर परिसर में बने विशाल डोम का शुभारंभ बुधवार को मंत्रोच्चार एवं हवन के बीच गोमाता के प्रवेश के साथ किया गया।

श्रीचारभुजा मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने बताया कि हर वर्ष मेले में वाटर प्रूफ टेंट पर लाखों रुपये व्यय होते थे। इसी को देखते हुए ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं की मांग पर मंदिर परिसर में स्थायी लोहे का डोम तैयार कराया गया है।

यह डोम अब वर्षभर कथा, भोजन, विवाह समारोह एवं अन्य धार्मिक-सामाजिक आयोजनों के लिए उपयोग में लाया जा सकेगा। श्रद्धालुओं ने स्थायी डोम निर्माण के लिए मंदिर ट्रस्ट का आभार जताया।


**भीलवाड़ा फोकस**

भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

**क्या आपके पास है –**

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com

वेब: www.bhilwarafocus.com


# खेल प्रतियोगिताएं बच्चों में जोश और संघर्ष की भावना जगाती हैं : विधायक खंडेलवाल





**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़**

पीएम राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में बुधवार को शुरू हुई 69वीं 14 वर्षीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक गोपाल खंडेलवाल ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक व मानसिक विकास करते हैं बल्कि जीवन की चुनौतियों से संघर्ष करने की प्रेरणा भी देते हैं। खंडेलवाल ने छात्रों से आह्वान किया कि वे खेलों में ईमानदारी और समर्पण के साथ भाग लें और प्रतिस्पर्धा के दौरान एक-दूसरे को प्रेरित करें। उन्होंने साझा किया कि छात्रजीवन में स्वयं भी उन्होंने कई खेलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया और खेल उनके जीवन में प्रेरणास्त्रोत रहे हैं।

कार्यक्रम में कबड्डी, वॉलीबॉल और खो-खो के साथ सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। आयोजन ने बच्चों में उत्साह भर दिया और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए नई प्रेरणा दी।

इस मौके पर नगर मण्डल अध्यक्ष अशोक जीनगर, अर्जुन ब्रह्मभट्ट, मनोज सनाढय, पार्षद पवनेश ओस्तवाल, आयोजक साई सिदार्थ स्कूल प्रबंधक सत्यप्रकाश घीया, शारीरिक शिक्षक लादूलाल साहू, एसीबीओ बनवारीलाल जीनगर, दिनेश कुमार पुरोहित, साबिर मोहम्मद रंगरेज सहित अन्य कार्मिक व प्रतिभागी मौजूद रहे।

# अनुशासन और संस्कार से ही बनती है शिक्षा सार्थक-खंडेलवाल

## जावदा में 69वीं वृत्त स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां**

उच्च प्राथमिक विद्यालय जावदा में बुधवार को 14 वर्षीय छात्र वर्ग की 69वीं वृत्त स्तरीय खेलकूद, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि विधायक गोपाललाल खंडेलवाल ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ अनुशासन और संस्कार आवश्यक हैं। शिक्षक सबसे पहले बच्चों में अनुशासन का संस्कार डालें, तभी वे जीवन में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करते हुए घोषणा की कि गत सत्र बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली मांडलगढ़ क्षेत्र की 59 बालिकाओं को अयोध्या यात्रा करवाई जाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सबको मिलकर काम करने और राज्य सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा ने की, जबकि सीबीईओ मालीराम यादव ने उम्मीद जताई कि विद्यालयों से एक बार फिर महापुरुष निकलेंगे। अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कन्हैयालाल शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो और वॉलीबॉल की 38 टीमों के 415 खिलाड़ी तथा साहित्यिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 70 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

उद्घाटन समारोह में पंचायत प्रशासक राजेश धाकड़, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पूजा चंद्रवाल, पंचायत समिति सदस्य हितेंद्र सिंह राजोरा सहित कई जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और अभिभावक उपस्थित रहे।

# लंबित राजस्व प्रकरणों का जल्द निस्तारण करें अधिकारी : जिला कलक्टर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित राजस्व प्रकरणों का गंभीरता से त्वरित निस्तारण करें। उन्होंने कन्वर्जन, नामांतरण, भूमि आवंटन, भू-रूपांतरण सहित सभी प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करने और तय समयसीमा में समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर संतुष्टि प्रतिशत बढ़ाने, पंजीयन लक्ष्य की प्रगति लाने तथा कोर्ट केस व रेवेन्यू परिवादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में भूमि अधिग्रहण, पब्लिक लैंड प्रोटेक्शन सेल, पीएम किसान सम्मान निधि, ई-फाइलिंग और बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई।

इस अवसर पर एडीएम प्रशासन ओमप्रकाश मेहरा सहित जिले के समस्त एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# श्री बाहुबली जैन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा वार्षिक कलशाभिषेक एवं क्षमावणी पर्व आयोजित होगा।


**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



रोडवेज बस स्टैंड के समीप अग्रवाल उत्सव भवन पर श्री बाहुबली जैन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में मुनि अनुपम सागर महाराज एवं मुनि निर्मोह सागर महाराज के सानिध्य में वार्षिक कलशाभिषेक एवं क्षमावाणी पर्व आयोजित होगा। सोसाइटी के सचिव राजकुमार चौधरी ने बताया कि न्यू हाउसिंग बोर्ड शास्त्री नगर स्थित संयम भवन पर आयोजित धर्म सभा में सोसाइटी के राजकुमार चौधरी, राकेश पाटनी , प्रकाश पाटनी, एन.सी. जैन, कैलाश पाटनी, अशोक छाबड़ा, राजेंद्र सेठी, माणकचंद बाकलीवाल, माणकचंद बज, पदमचंद सरावगी सदस्यों ने मुनि अनुपम सागर महाराज ससंघ को श्रीफल भेंट कर आगामी वार्षिक कलशाभिषेक एवं क्षमावाणी पर्व पर सानिध्य प्राप्त करने की अनुमोदना की। मुनिश्री ने आशीर्वाद देते स्वीकृति प्रदान की। सोसाइटी के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार छाबड़ा ने बताया कि 6 सितंबर चतुर्दशी को अग्रवाल उत्सव भवन पर मुनिससंघ के सानिध्य में वार्षिक कलशाभिषेक एवं 8 सितंबर को मुनिससंघ के सानिध्य में दश वह पांच उपवास की कठोर तपस्या करने वाले तपस्वियों का सम्मान एवं सकल दिगंबर जैन समाज का सामूहिक रूप से क्षमावाणी पर्व मनाया जाएगा।

# भीलवाड़ा में गणेश चतुर्थी का उत्सव, मंदिरों और पंडालों में उमड़े श्रद्धालु

## गणपति बप्पा के जयकारों से गूंजा शहर, 5001 मोदक का भोग और 12 फीट की प्रतिमाओं की स्थापना





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

वस्त्रनगरी भीलवाड़ा में बुधवार को गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम और आस्था के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों और पंडालों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हर जगह गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंजते रहे और शहर भक्तिमय माहौल से सराबोर हो गया।

गांधीनगर स्थित सिद्ध गणेश मंदिर, रोडवेज बस स्टैंड के पास गणेश मंदिर और नेहरू रोड स्थित रोकड़िया गणेश मंदिर में श्रद्धालुओं का विशेष सैलाब देखने को मिला। भक्त लंबी कतारों में खड़े होकर मोदक, लड्डू और फूल अर्पित कर विघ्नहर्ता से सुख-समृद्धि की कामना कर रहे थे।

सिद्ध गणेश मंदिर में गणपति का विशेष श्रृंगार किया गया और 5001 मोदक का भोग लगाया गया। वहीं दोपहर में महाआरती और शाम को मेले का आयोजन हुआ, जिसमें झूले, चकरी और खाने-पीने की दुकानों पर बच्चों से लेकर बड़ों तक ने आनंद लिया।

रोकड़िया गणेश मंदिर में अध्यक्ष प्रेमप्रकाश शाह की देखरेख में सुबह हवन और महाआरती के बाद भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। यहां 21 फीट ऊंची रोकड़िया गणेश प्रतिमा के दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ी।

प्रताप नगर थाना क्षेत्र की लेबर कॉलोनी में नवयुवक मंडल ने पंचमुखी अष्टभुजा स्वरूप वाले 12 फीट के गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की। इसी तरह विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने उज्जैन से मंगवाए 12 फीट के गजानंद की स्थापना माणिक्य नगर चौराहे पर की। दोनों ही स्थानों पर 10 दिनों तक डांडिया और धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

गली-मोहल्लों और चौराहों पर भव्य पंडालों में भी गणेश प्रतिमाओं की स्थापना हुई है। ढोल-नगाड़ों की थाप पर भक्त गणपति का स्वागत कर रहे हैं। सुबह-शाम आरती और प्रसाद वितरण के साथ ही रात को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मचेगी।


श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात हैं ताकि अव्यवस्था न हो और लोग शांति से पर्व का आनंद ले सकें। यह उल्लास अगले दस दिनों तक जारी रहेगा, जिसका समापन गणेश विसर्जन के साथ होगा।

# गणेश चतुर्थी पर श्रद्धा और उत्साह, नगर के मंदिरों में दिनभर उमड़े भक्त

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां**

गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर बुधवार को नगर में श्रद्धा और उल्लास का माहौल रहा। सुबह से ही गणपति बप्पा के जयकारों के बीच मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। गणेश मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना हुई और नगर के विभिन्न हिस्सों में आकर्षक विद्युत व पुष्प सजावट से भक्तिमय वातावरण बना रहा।

छोटा दरवाजा स्थित गणेश मंदिर, सदर बाजार के गणेश बड़ली मंदिर, मंदाकिनी मंदिर के अर्धनारीश्वर गणेश तथा कोली मोहल्ला गणेश मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भक्तों ने दिनभर गणपति के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस






दौरान जगह-जगह धार्मिक अनुष्ठान और प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। नगर के करीब दो दर्जन स्थानों पर गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गईं। वार्ड नंबर 9 में गणेश प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम में विधायक गोपाल खंडेलवाल, रमेश गुरुजी, राजेंद्र बंजारा, राजू तंवर, अनिल टाक, प्रहलाद सोनी, देवेन्द्र लखारा, गुलाब टाक, पुखराज सोनी सहित वार्डवासी मौजूद रहे। इसके अलावा पथिक क्लब में भी पथिक क्लब के राजा की प्रतिमा धूमधाम से स्थापित की गई। प्रतिमा की भव्य शोभायात्रा तेजाजी चौक से मुख्य मार्ग होते हुए निकाली गई और क्लब ग्राउंड पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया। गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से वातावरण गूंज उठा।

# गणेशजी के चढ़े मोदक लड्डू, शोभायात्रा में हुआ हैरतअंगेज अखाड़ा प्रदर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेंद्र बबलू पोखरना**

गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर बुधवार को मुख्यालय स्थित अति प्राचीन कोर्ट गणेशजी मंदिर में पूजा-अर्चना, अभिषेक व आरती के साथ मोदक लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया। गणेश प्रतिमा की प्राचीनता के चलते जलझूलनी महोत्सव के दौरान भगवान श्रीचारभुजानाथ का बेवाण भी इसी मंदिर से होकर गुजरता है और वापसी में भी गणेशजी की प्रतिमा के दर्शन कर निज मंदिर पहुंचता है। गणेशोत्सव के तहत चारभुजा मंदिर प्रांगण से विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जो बस स्टैंड, बालाजी मार्केट, सदर बाजार होते हुए मंदिर परिसर लौटी।



शोभायात्रा में मध्यप्रदेश के जावद से आए बजरंग व्यायामशाला के कलाकारों ने हैरतअंगेज अखाड़ा प्रदर्शन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रथ में विराजित गणेश प्रतिमा के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। चारभुजा मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने बताया कि गणेशोत्सव के साथ ही नौ दिवसीय मेले की शुरुआत हो गई है। मेले में प्रतिदिन धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन होंगे। इनमें हनुमान चालीसा पाठ, विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, कांवड़ यात्रियों का प्रस्थान, विराट कवि सम्मेलन, विशाल भजन संध्या आदि कार्यक्रम शामिल रहेंगे। 31 अगस्त को राधाअष्टमी पर भव्य छप्पन भोग अर्पित कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। 3 सितंबर को भगवान का रजत व स्वर्णजड़ित रेवाड़ी में अभिषेक कर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जलझूलनी पर श्रीचारभुजानाथ व कस्बे के अन्य मंदिरों की प्रतिमाएं भक्तों के कंधों पर सरोवर तक पहुंचेगीं और वहां झूलने के बाद रातभर शोभायात्रा में विराजमान रहेंगी। मेले की तैयारियों को लेकर ट्रस्ट की ओर से जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। गणेश जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, सचिव श्याम सुंदर चेचाणी, नारायण प्रजापत, श्रीराम सुथार, निलेश वैष्णव सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# बाल संसद चुनाव परिणाम घोषित, अजय धाकड़ दूसरी बार प्रधानमंत्री बने

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में बुधवार को घोषित हुए बाल संसद चुनाव परिणाम में कक्षा 8 ÷ब÷ के अजय धाकड़ एक वोट के अंतर से लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री चुने गए। अजय ने 55 जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी कक्षा 8 ÷अ÷ के अविनाश माली को 54 वोट मिले।

चुनाव प्रभारी लोकेश चौधरी व रत्ना टेलर ने बताया कि पहली बार ईवीएम से हुए इस चुनाव में छह पदों पर परिणाम आए। स्वास्थ्य मंत्री अभय राज, शिक्षा मंत्री चारवी बारहठ, पर्यावरण मंत्री फातिमा खान, खेल मंत्री अविनाश कुमावत और संस्कृति मंत्री केशव सोनी निर्वाचित हुए। प्राचार्य ईश्वर लाल मीणा ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि एक वोट का महत्व लोकतंत्र की नींव है। बाद में सभी पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की।



## QUICK BITES

# गांवो में गणेश प्रतिमा स्थापना के साथ गणेश महोत्सव प्रारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**



**जसवंत पारीक / रमेश डाड**

कस्बे सहित क्षेत्र के गांवो में बुधवार को गणेश प्रतिमा स्थापना के साथ ही गणेश महोत्सव प्रारंभ हो गया। कस्बे में भगवान लक्ष्मी नाथ मंदिर प्रांगण में गणेश प्रतिमा स्थापना की गई। गणेश महोत्सव सेवा समिति सदस्य अंकित सेन ने बताया कि सांय 5÷15 बजे पंडित हनुमान राजस्थला द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गणेश प्रतिमा स्थापना की गई। आरती हुई व प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर जमना लाल जोशी, गंगाधर व्यास, रामेश्वर लाल बांगड़, रमेश चंद्र नुवाल , सत्य नारायण बसेर,आयुष सोनी, दीपक उपाध्याय, प्रद्युम्न पाराशर, आदित्य उपाध्याय, आदित्य शर्मा, किशन शर्मा, देवराज सुथार, सागर सेन, अनुष्क पारीक,शिवम मीणा, कन्हैया मीणा , कार्तिक उपाध्याय,आदित्य मीणा ,सावन मीणा उपस्थित थे। इसी प्रकार निकटवर्ती गेगा का खेड़ा गांव में चामुंडा माता मंदिर प्रांगण में गणेश प्रतिमा स्थापना के साथ गणेश महोत्सव प्रारंभ हुआ।

# मांडलगढ़ उपखण्ड में गणेश महोत्सव की धूम

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**



गणेश चतुर्थी के अवसर पर बुधवार को मांडलगढ़ नगर सहित पूरे उपखण्ड क्षेत्र में गणेश महोत्सव की धूम रही। जगह-जगह गणपति बप्पा की प्रतिमाओं की स्थापना श्रद्धा और उत्साह के साथ की गई।

कस्बे के गेणोली स्थित देवनारायण मंदिर परिसर में गणेश स्थापना का भव्य आयोजन हुआ। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच गणपति की प्रतिमा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ स्थापित की गई। भक्तों ने सुख-शांति व समृद्धि की मंगलकामनाओं के साथ बप्पा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी तरह उपखण्ड क्षेत्र के अन्य कस्बों और गांवों में भी गणेश प्रतिमाओं की स्थापना हुई। मंदिरों और पांडालों में भक्ति संध्या, सांस्कृतिक कार्यक्रम और आरती के आयोजन हुए। पूरे दिन नगर एवं उपखण्ड क्षेत्र गणेशोत्सव की भक्ति-मय गूंज से सराबोर रहा।

# शुभ मुहूर्त में की गणपति बप्पा की स्थापना की, लगे गणपति बप्पा मोरया के जयकारे

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



( **सांवर वैष्णव** ) - सवाईपुर कस्बे सहित बड़ला, बनकाखेड़ा, ढेलाणा, चावंडिया, ककरोलिया माफी, रेड़वास सहित अन्य कई गांवों में गणेश चतुर्थी पर गणपति बप्पा की स्थापना की गई, 10 दिनों तक घरों व चौराहे पर गणपति बप्पा की पूजा अर्चना की जायेगी । वही डांडिया की खनक सुनाई देती हैं, गणेश चतुर्थी पर शुभ मुहूर्त में घरों में गणपति बप्पा की स्थापना कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना, आरती कर भगवान को लड्डू का भोग लगाया तथा गणपति बप्पा से घर परिवार में सुख समृद्धि की कामना की । ढ़ेलाणा में भी गणपति बप्पा की स्थापना की, गणपति बप्पा मोरया मंगल मूर्ति मोरया के जयकारों का जयघोष किया । इस दौरान भंवर दास ढ़ेलाणा, भंवर दास बड़ला, पंकज वैष्णव, संदीप, कुशुम लता, रिंकु जाट, खुशबू वैष्णव आदि कई मौजूद रहे ।।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।